दिनांक 04 -12 -18

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

fHkykbZuxj@ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस.के. सुंदरानी के द्वारा निरंतर साफ सफाई व्यवस्था को लेकर सभी जोन के आयुक्त ,स्वास्थ्य अधिकारी ,स्वच्छता निरीक्षक ,सहायक स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य एवं रा'जस्व अमला एवं सुपरवाइजरो की संयुक्त बैठक पिछले दिनों निगम सभागार मैं ली थी आयुक्त ने उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि वह साफ सफाई के कार्यों सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं गंदगी फैलाए जाने वाले नागरिकों एवं व्यापारियों से अर्थदंड वसूली की कार्यवाही करें! श्री सुंदरानी के निर्देशानुसार निगम के समस्त जोन क्षेत्र अंतर्गत नियमित रूप से साफ सफाई किया जा रहा है !जोन 1 के वार्ड क्रमांक 3 में सफाई गैंग के माध्यम से साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत नेहरू नगर के गुरुद्वारे चौक से नेहरू नगर जोन ऑफिस से खन्ना मैडम निवास से केपीएस स्कूल से नेट बेकरी से शिवाजी चौक से बुनियादी कंपलेक्स रोड के दोनों तरफ साफ सफाई कराया एवं सड़कों को धूलवाया जा रहा है जोन दो वैशाली नगर वार्ड 28 हाउसिंग बोर्ड से कालीबाड़ी डिवाइडर की साफ सफाई धुलाई के साथ ही पानी डालकर सड़कों की धुलाई की गई जोन 3 के अंतर्गत नंदिनी रोड डिवाइडर की साफ सफाई धुलाई एवं सड़कों की धुलाई कराया गया!